हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 सितंबर 2025

04 हितग्राहियों को दिसंबर से पहले करना होगा पीएम...



08 समितियों का उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना तथा...





## एक बार फिर नर्मदांचल में हुई तेज बारिश, अब तक जिले में औसत 1250.9 मिमी बारिश दर्ज

### बीती रात पचमढ़ी में हुई मूसलाधार बारिश, 24 घंटे में करीबन 3:5 इंच बारिश रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/पचमढ़ी



एक पखवाड़े के बाद मौसम साफ हुआ और गर्मी और राहत से परेशान हुए हालाकि बीती रात प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में तेज बारिश देखने को मिली।सुबह 8:30 बजे रिकॉर्ड डाटा के अनुसार 5 इंच वर्षा रिकॉर्ड हुई है। अक्सर सितंबर के महीने में सामान्य रूप से बारिश होती है, क्योंकि यह मॉनसून का आखिरी दौर होता है। इस समय तापमान कम होता है और हवा में नमी बढ़ जाती है, जिससे बारिश की संभावना बढ़ जाती है। पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में रुक-रुककर बारिश हो रही है और इसी वजह से पिछली रात को भी तेज़ बारिश हुई। वहीं दिन भर धूप छांव का दौर जारी रहा जिससे लोगों को गर्मी और उमस का सहरा लेना पड़ा। मौसम वैज्ञानिकों ने कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. शिल्पा आप्टे ने बताया कि अच्छी बारिश की संभावना बनी रही। बुधवार से अगले चार दिन तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। जिले में 1 जून से 10 सितंबर तक औसतन 49.24 इंच बारिश दर्ज हुई। पिछले साल इसी अवधि में 43.05 इंच बारिश हुई थी।

#### जिले में 1250.9 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में 1250.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1094.5 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 09 सितम्बर से 10 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 1.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 3.0 मिलीमीटर, इटारसी 4.4 मिलीमीटर, माखननगर में 3.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 32.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 8.2 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 16.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 88.3 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

#### तवा डेम के 5 गेट खोले गये

जिले के अलावा पचमढ़ी में 24 घंटे में करीब 3.50 इंच पानी गिर चुका। जिससे देनवा नदी में उफान पर आई। देनवा और कैचमेंट एरिए में बारिश होने से तवा डैम भी अधिकतम लेवल 1174.4 फीट तक भराया गया। लगातार पानी की आवक को देखते हुए बुधवार 10.30 बजे तवा डैम के 5 गेट को 5-5 फीट तक तक खोल दिया गया।

### इटारसी में व्यापारिक क्रांति

## 'सिटी सेंटर' बनेगा प्रदेश का सबसे बड़ा कॉमर्शियल हब, निवेश का सुनहरा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अब तक रेलवे जंक्शन के नाम से पहचाना जाने वाला इटारसी शहर, जल्द ही एक नए और आधुनिक पहचान के साथ सामने आने वाला है। शहर के बीचों-बीच, रेलवे स्टेशन के पास की प्राइम लोकेशन पर एक ऐतिहासिक कॉमर्शियल हब, 'सिटी सेंटर' का निर्माण तेजी से चल रहा है।

यह प्रोजेक्ट न केवल इटारसी के लिए बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के लिए गेम चेंजर साबित होगा, क्योंकि ऐसी भव्य और आधुनिक व्यावसायिक इमारत प्रदेश में कहीं और नहीं है। निवेशकों को निवेश पर मिलेगा धमाकेदार रिटर्नः यह सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि एक सुनहरे भविष्य का प्रवेश द्वार है।

बिजनेस न्यूज



#### अत्याधुनिक डिजाइन व बेहतरीन लोकेशन का संगम

अत्याधुनिक डिजाइन और बेहतरीन लोकेशन का संगम यह 'सिटी सेंटर' किसी साधारण शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की तरह नहीं है। इसका डिजाइन दिल्ली के प्रतिष्ठित कनॉट प्लेस की तर्ज पर तैयार किया गया है, जहां हर दुकान को बेहतर विजिबिलिटी मिलेगी। G+2 प्रीमियम ग्लास बिल्डिंग, चालीस फीट चौड़ी सड़क और विशाल पार्किंग की सुविधा इसे एक विश्वस्तरीय व्यावसायिक केंद्र बनाती है। यह शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर ग्राहकों को आकर्षित करेगा और आपके व्यवसाय को एक नई ऊंचाई देगा।

#### एक नजर...

- निवेश पर मिलेगा धमाकेदार रिटर्नः यह सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि एक सुनहरे भविष्य का प्रवेश द्वार है।
- तेजी से बढ़ता कॉमर्शियल हबः इटारसी शहर का तेजी से हो रहा विकास और शहर की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति इसे व्यवसाय के लिए एक आदर्श स्थान बनाती है।
- बड़ा रेसिडेंशियल बेसः आसपास की घनी आबादी और बड़ा आवासीय क्षेत्र, ग्राहकों की निरंतर आमद सुनिश्चित करेगा।
- बेहतर रेंटल इनकमः पारंपरिक बाजारों से हटकर, यह आधुनिक हब बेहतर रेंटल इनकम का वादा करता है, जिससे आपके निवेश पर ऊंचा रिटर्न मिलना तय है।

#### ऐसा अवसर जो सिर्फ एक बार मिलता है

पारंपरिक बाजारों में जहां सीमित सुविधाएं हैं, वहीं 'सिटी सेंटर' भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यहां निवेश करना, केवल एक दुकान खरीदना नहीं है, बल्कि एक ऐसे भविष्य में हिस्सेदारी लेना है, जहां आपका व्यवसाय दिन-रात तरक्की करेगा। इटारसी का यह 'सिटी सेंटर' एक ऐसा मौका है जो बार-बार नहीं मिलता। यह समय है एक दूरदर्शी निवेशक बनने का और इटारसी के इस नए अध्याय का हिस्सा बनने का। अपनी व्यावसायिक पहचान बनाने और धमाकेदार रिटर्न पाने का यह सबसे सही समय है।

## परेशान किसान ने की आत्महत्या की कोशिश, बेटी ने चिल्लाया तो बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के ग्राम ब्यावरा में 4 बेटियों के एक किसान पिता ने सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। फांसी पर लटके किसान को उसकी बेटी और परिजनों ने बचा लिया। गंभीर हालात में उसे नर्मदापुरम के प्राइवेट पांडे हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। किसान के पास एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें उसने इटारसी, नर्मदापुरम और ब्यावरा के 10 लोगों पर उधारी के दिए रुपए के लिए अधिक ब्याज वसूलने, रास्ता रोककर गाली गलौच करने, जान से मारने की धमकी देने समेत आरोप का उल्लेख किया। जिस प्रताड़ना से तंग आकर उसने फांसी के फंदे पर लटककर जान देने की कोशिश की।

सुसाइड नोट में लिखे नामों के आधार पर देहात थाना पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मप्र ऋणियों का संरक्षण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। आरोपी शहर के कुछ व्यापारी और साहूकार है। घटना 8 सितम्बर की रात 10.30 बजे की है। पुलिस के मुताबिक 44 वर्षीय महेंद्र



सिंह ब्यावरा का रहने वाला है, जो किसानी करते है। उनकी चार बेटियां है। सुसाइड नोट के मुताबिक महेंद्र सिंह ने इटारसी के 7 व्यक्ति, नर्मदापुरम के 3 व्यक्ति और ब्यावरा की एक महिला से रुपए उधार लिए थे। जिसका ब्याज समेत मूल रुपए निर्धारित समय समय पर वो चुकाता था। बावजूद उसे कर्जदार परेशान कर रहे थे। रास्ता रोककर गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देते थे।परेशान होकर 8 सितम्बर की रात 10.30 बजे घर के पीछे भूसे के कमरे में उसने नायलान की रस्सी का फंदा बनाया और लटक गया। इस बीच उसकी बेटी ने देख लिया। जिसने चिल्लाकर आवाज दी। फिर परिजन ने किसान को फंदे से उतार नर्मदापुरम के अस्पताल लेकर पहुंचे। उसे वेंटिलेटर पर रखा गया।

डॉक्टर अपूर्व पांडे के मुताबिक बुधवार दोपहर में किसान महेंद्र सिंह का वेंटिलेटर निकाल दिया गया। उसकी हालत में सुधार हो रहा है। आरोपी विनय कुमार निवासी कोठी बाजार नर्मदापुरम। वीरेंद्र मालवीय निवासी कोठी बाजार नर्मदापुरम। अरविंद गोयल उर्फ भैया नमस्ते स्टोर इटारसी। बब्लू अग्रवाल निवासी न्यास कॉलोनी इटारसी। जिग्नेश अग्रवाल निवासी इटारसी। मनोज महाला निवासी पुरानी इटारसी। कैलाश सिंह बघेल निवासी 12 बंगला इटारसी। जावेद खान निवासी आनंद नगर इटारसी। लक्ष्मी बाई पति मोर सिंह तोमर निवासी ग्राम ब्यावरा देहात थाना। मोहम्मद सलमान अंसारी निवासी नर्मदापुरम। देहात थाना टीआई सौरभ पाण्डे ने कहा कि किसान का फांसी पर लटका मिला है। उसके बयान नहीं हो सके हैं। सुसाइड नोट के आधार पर कर्जदारों से परेशान था। जांच जारी है।

### 8 लाख 77 हजार 920 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** राज्य सभा सांसद से प्राप्त प्रस्ताव पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 04 निर्माण कार्यो के लिए 08 लाख 77 हजार 920 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया से प्राप्त प्रस्ताव पर सांसद निधि से नर्मदापुरम नगर के रसूलिया वार्ड में कबड्डी मैट स्थापना (रसूलिया पटवारी सेंन्टर के पास) के लिए 02 लाख 19 हजार 480 रूपये, नर्मदापुरम नगर के आदमगढ वार्ड में कबड्डी मैट स्थापना के लिए 02 लाख 19 हजार 480 रूपये आदि के लिए जारी किये गये हैं।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई गई। न्यायाधीश एवं सचिव विजय कुमार पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर 2025 को किया जा रहा है। जिसमें न्यायालयो में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा विधुत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालय में आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकृत किए जाएंगे। प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में विधुत विभाग नगर पालिका एवं बैंक के रिकवरी प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाएगा। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण एवं जिला विधिक सेवा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा डी ग्रेड प्राप्त विभागों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आई गॉट पोर्टल पर जिले के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि जिन कोर्सेज का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह कर्मचारियों के लिए कार्योन्मुख और उपयोगी हो। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर भी मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत समस्त कर्मचारी आई गॉट पोर्टल पर पंजीयन कर उपलब्ध कोर्सेज का अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण लें।

इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि सभी कर्मचारियों की शासकीय ईमेल आईडी तैयार कराना विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है। अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि शेष कर्मचारियों की ईमेल आईडी शीघ्र तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर मीना ने बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन की विभाग-वार शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने डी ग्रेड में स्थान प्राप्त विभागों की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि आगामी एक सप्ताह में शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित सुधार नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## विधिक जागरुकता शिविर में महिलाओं को दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन अभियान अंतर्गत वन स्टाप सेंटर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ संयुक्त तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त क्षमता निर्माण सत्र, कानूनी सहायता शिविर कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं सचिव विजय कुमार पाठक सर द्वारा उपस्थिति महिलाओ को निःशुल्क विधिक सहायता सलाह योजना, प्राधिकरण द्वारा संचालित समस्त योजनाएं, वन स्टॉप सेन्टर, एफ. आई. आर., महिला थाना की कार्यप्रणाली, घरेलू हिंसा, पीओएसएच अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम आदि की जानकारी दी गई।

## सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

8 सितंबर से 22 सितंबर तक सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का अभियान बुधवार को दूसरे दिन जारी रहा। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए मप्र पुलिस 8 सितंबर से 22 सितंबर तक पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाने के मुख्यालय के निर्देश पर दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जिले में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक साईंकृष्णा एस थोटा के निर्देश पर एवं डीएसपी यातायात और सभी अनुविभाग के



एसडीओपी के नेतृत्व में जिले भर में वाहन चेकिंग का विशेष अभियान लगातार चलाया गया। मोटर व्हीकल एक्ट संशोधन नियम 2019 नियम 199 के अंतर्गत बिना लाइसेंस के नाबालिग के वाहन चलाने पर वाहन स्वामी को तीन साल तक की सजा एवं 25000 तक का जुर्माना एवं एक साल तक वाहन का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने का प्रावधान है नाबालिग वाहन चलाते हुए पाया जाने पर उसका 25 वर्ष की उम्र तक लाइसेंस बनने से बाल संरक्षण न्यायालय द्वारा रोका जा सकेगा। यातायात पुलिस की अपील है कि असुविधा से बचने के लिए वाहन के कागजात पूर्ण रखें और जीवन की सुरक्षा के लिए वाहन के अनुसार सीट बेल्ट अथवा हेलमेट का उपयोग अवश्य करें।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल नर्मदापुरम में डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम "एक्शन के जरिए आशा जगाना" पर आधारित इस कार्यक्रम में कार्यशाला एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जनमानस को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और आत्महत्या रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले ने बताया कि बदलती जीवनशैली और बढ़ता मानसिक दबाव लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, जिसके चलते तनाव, डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं। समय पर मदद और परामर्श से आत्महत्या जैसे कदमों को रोका जा सकता है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए होगा आयोजन

## शक्ति शौर्य महारास के लिए प्रशिक्षण शुरू, शस्त्र थामकर मातृ शक्तियां करेंगी शक्ति की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा नवरात्रों में 27 सितंबर को अग्निहोत्री गार्डन में महिला सशक्तिकरण के लिए शक्ति शौर्य महारास का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को इस आयोजन के लिए प्रशिक्षण शिविर नेहरू पार्क में प्रारंभ हुआ।

नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित, भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा, समाजसेवी गीता मीणा ने मां भवानी के चित्र के समक्ष पूजन कर इस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत कराई। कार्यक्रम संयोजक मनीष परदेशी ने बताया कि शक्ति शौर्य महारास किया द्वितीय वर्ष है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महिला सशक्तिकरण अभियान की प्रेरणा से यह आयोजन किया जा रहा है। मातृ शक्तियां अपने हाथों में तलवार और लाठियां थामकर मां शक्ति की आराधना करेगी।

इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से मातृ शक्तियों को 15 दिनों तक विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। यह प्रशिक्षण शिविर 25 सितंबर तक नेहरू पार्क में 4 से 5 बजे तक चलेगा। प्रशिक्षण के पहले दिन बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों ने सहभागिता की।

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** जिले में गुरुवार को शासकीय आईटीआई परिसर में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित होगा। यह मेला सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर मिलेंगे। मेले में एमएसएमई, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी कंपनियां आएंगी। ट्राइडेंट (बुदनी), पांडव होटल्स, टेक्नोटास्क, जेड प्लस, यशस्वी एकेडमी (भोपाल), शिव शक्ति बायोटेक, मेस्का, पुखराज, एलआईसी, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, पुष्कल एग्रीटेक लिमिटेड, नवभारत फर्टिलाइजर, गोकलदास एक्सपोर्ट, वर्धमान मंडीदीप, आईसीआई बैंक, रिलायंस निप्पन इंश्योरेंस समेत कई कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर होगा। पूरी प्रक्रिया निशुल्क रहेगी। यदि कोई कंपनी अभ्यर्थियों से शुल्क या अन्य मांग करती है, तो इसकी जानकारी तुरंत रोजगार अधिकारी को दी जाए।

## वायरल हेपेटाइटिस कन्ट्रोल कार्यक्रम अंतर्गत हुआ प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर, सीपीएससी कंसलटेंट, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, एनएमए, एनएमएस, इंचार्ज डिलीवरी पॉइंट एवं टीआई एनजीओ स्टाफ ने भाग लिया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. संजय पुरोहित ने बैठक के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक अवस्था में कुष्ठ रोगियों की पहचान, उपचाररत एवं उपचार मुक्त रोगियों का फॉलोअप किया जाना आवश्यक है। साथ ही, रोगियों के संपर्क में आए व्यक्तियों को रोग से बचाव की दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में पत्नी ने की पति की हत्या

**आमला।** थाना क्षेत्र के ग्राम डोडावानी में एक पत्नी द्वारा अपने पति की हत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। टीआई राजेश सातनकर ने बताया डोडावानी गांव में बीती को काशीराम पिता सुखराम यादव की पत्नी मंगलवती के बीच जमीनी बात को लेकर बात हुई थी। जिससे नाराज होकर पत्नी ने पति को लोहे की रॉड से उनके सिर पर चार पांच बार हमला कर उनकी हत्या की। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। शव को आमला अस्पताल लाया है.पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। शव परिजनों कों सौंप दिए है। मृतक के भाई मेषराम ने पुलिस कों बताया कि पति -पत्नी के बीच जमीनी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद मंगलवती ने इस वारदात कों अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी पत्नी कों हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

### महाविद्यालय में मनाया गया विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

**भैसदेही।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीगंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही मे उमंग कार्यक्रम के तहत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार दवंडे के मार्गदर्शन मे आयोजित हुआ। अर्थशास्त्र विभाग से डॉ जगेंद्र धोटे ने छात्र छात्राओ को आत्महत्या रोकथाम के विषय पर जानकारी प्रदान की,उन्होंन बताया कि हम अपनी जीवन शैली अच्छी रखकर आत्महत्या से बच सकते है।इसके पश्चात संगीता बामने ,सहायक प्राध्यापक, गृह विज्ञान ने बताया कि 15 से 29 साल के किशोर और युवाओ के बीच मृत्यु का सबसे बडा कारण आत्महत्या है। इस मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक बीमारी प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है,अतः सही समय पर सही मार्गदर्शन के माध्यम से इस बीमारी से बचा जा सकता है।कार्यक्रम मे बडी संख्या मे छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

### किसानों को मिला 111.05 करोड़ का भुगतान

**बैतूल।** जिले में इस वर्ष 4 हजार 386 किसानों से 12,887.70 मीट्रिक टन मूंग का उपार्जन किया गया। खरीदी की कुल राशि 111.89 करोड़ रुपये है, जिसमें से 111.05 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक कृषकों को किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि केवल 19 किसानों की लगभग 84 लाख रुपये की राशि शेष है। इसमें से 45.88 लाख रुपये ईपीओ साइन होकर बैंक की प्रक्रिया में है, जिसका भुगतान शीघ्र हो जाएगा। शेष 38.12 लाख रुपये का भुगतान पहले तकनीकी कारणों से लंबित रहा था, जिनमें किसानों के बैंक खाते की क्रेडिट लिमिट व आधार लिंक की समस्या सामने आई थी। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा अब अपने बैंक खातों में आवश्यक संशोधन एवं अपडेट कर दिए गए हैं। अतः इन खातों में भी शीघ्र ही ईपीओ रिपोर्ट कर भुगतान कर दिया जाएगा। शेष राशि भी बहुत जल्द किसानों के खातों में जमा हो जाएगी और किसी भी किसान को भुगतान से वंचित नहीं रखा जाएगा।

### मेरी आवाज सुनो 2025 ऑडिशन 5 अक्टूबर को

**बैतूल।** स्थानीय सांस्कृतिक संस्था काव्यगाथा के अध्यक्ष प्रहलाद परिहार ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी उनकी संस्था सभी उम्र के गायकों वादकों एवं कवियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक भव्य जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करवा रही है। जिसके मुख्य अतिथि हमारे क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास जी उइके होंगे। इसका ऑडिशन 5 अक्टूबर को तरंग मैरिज लॉन, टिकारी लिंक रोड पर रखा गया है। मुख्य कार्यक्रम 12 अक्टूबर को होगा। संस्था सचिव अशोक सहाने ने बताया कि यह कार्यक्रम आम लोगों के बीच उपस्थित शौकिया गायकों, वादकों एवं कवियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। मुख्य कार्यक्रम के लिए चुने हुए कलाकारों को तीन हजार से लेकर पांच हजार तक के गिफ्ट पैक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।

## जिले में 439 मकान अधूरे, मकान पूरा कराने नपा कर रही प्रेरित

# हितग्राहियों को दिसंबर से पहले करना होगा पीएम आवास का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



प्रधानमंत्री आवास को लेकर जिले की स्थिति कुछ खास नहीं है। यहां करीब 439 मकान अभी भी अधूरे है। इनमें कई मकान ऐसे हैं जिनका काम पहली या दूसरी किस्त लेने के बाद से रुका है। विभाग के माध्यम से हितग्राहियों को बार-बार प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपने मकान जल्दी से जल्दी पूरे करें। दरअसल पीएम आवास योजना (शहरी) 1.0 का क्रियान्वयन अब अंतिम चरण में है। यह योजना 31 दिसंबर 2025 को पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। इसके बाद केवल पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 लागू रहेगी, जिसके लिए वर्तमान में नए आवेदन लिए जा रहे हैं। सरकार चाहती है कि प्रथम चरण में स्वीकृत और अधूरे मकान समय पर पूरे हो जाएं, ताकि योजना की साख बनी रहे। यहीं वजह है कि बैतूल नगरपालिका ने इसके लिए कर्मचारियों की टीम बनाई है, जो हितग्राहियों के घर-घर जाकर उन्हें मोटिवेट कर रही है।

### दिसंबर 2025 के बाद अधूरे मकान पर नहीं मिलेगी राशि....

केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि 31 दिसंबर 2025 के बाद अधूरे मकानों पर न तो कोई राशि मिलेगी और न ही ढील। उल्टे, अब तक मिली रकम की वसूली शुरू कर दी जाएगी। केंद्र सरकार की इस सख्ती के चलते अब स्थानीय निकायों ने अपूर्ण पड़े आवासों को पूर्ण कराने के लिए दौड़-भाग शुरू कर दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास नर्मदापुरम संभाग के संभागीय सहायक संचालक नवनीत पांडेय ने संभाग की सभी नगरपालिकाओं को पत्र लिखकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन मकानों को सितंबर तक हर हाल में पूरा कराया जाए। इसके बाद भी काम अधूरा रहा तो केंद्र सरकार अनुदान की किश्तें बंद कर देगी।

### अधूरे मकानों के लिए होगी रिकवरी की प्रक्रिया

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का पहला चरण अब अंतिम दौर में है, लेकिन अधूरे मकानों का बोझ सरकार और हितग्राहियों दोनों की नींद उड़ा रहा है। जिले में ही 439 मकान आधे-अधूरे हैं। दिसंबर 2025 तक जो मकान पूरे नहीं होंगे, उनके हितग्राहियों से दी गई राशि की रिकवरी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। सरकार और प्रशासन की इस सख्ती से हितग्राही दुविधा में हैं। कई लोगों का कहना है कि महंगाई और आर्थिक तंगी के कारण मकान अधूरे रह गए हैं। मजदूरी और सामग्री महंगी होने से निर्माण कार्य बीच में रुक गया। अब वे हर हाल में मकान पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि राशि की वसूली का डर उन्हें परेशान कर रहा है।

### हितग्राहियों को जारी किए गए नोटिस

केंद्र से सख्त निर्देश मिलने के बाद नगरपालिकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र के अधूरे मकानों के हितग्राहियों को नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। नोटिस में लिखा है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में मकान पूरे नहीं किए गए तो न केवल अनुदान बंद हो जाएगा बल्कि अब तक जारी राशि की वसूली भी की जाएगी। भविष्य की सरकारी योजनाओं से वंचित करने जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। इससे कई लाभार्थियों में चिंता बढ़ गई है। बता दे कि इस योजना के तहत हितग्राही को आवास निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए का अनुदान दिया जाता है। इसमें से केंद्र सरकार 60 प्रतिशत यानी 1.50 लाख रुपए देती है, जबकि राज्य सरकार 40 प्रतिशत यानी 1 लाख रुपए का अंश देती है। अधिकांश हितग्राहियों को पहली और दूसरी किश्त मिल चुकी है, लेकिन कई मकान अधूरे हैं।

### निर्देश दिए हैं

हमारे द्वारा लगातार हितग्राहियों को मोटिवेट किया जा रहा है कि तय समय में मकान का काम पूरा करे, अन्यथा अनुदान बंद होगा और रिकवरी करनी ही पड़ेगी। पीएम आवास योजना 1.0 में 439 के लगभग मकान जिले में अधूरे हैं। जिन्हें सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

**सतीश मटसेनिया,**
**सीएमओ नगरपालिका बैतूल**

## पारस धाम भैंसदेही में भव्य दसलक्षण पर्व सम्पन्न



**भैंसदेही ।** भैसदेही नगर के इतिहास में पहली बार दिगंबर जैन जिनबिंब प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं पंचकल्याणक के सफल आयोजन के बाद बैतूल जिले के प्रथम दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र घोषित पारस धाम में भव्य दसलक्षण पर्व का आयोजन हुआ। पर्व का शुभारम्भ ऋषि पंचमी के दिन ध्वजारोहण के साथ किया गया। मुख्य यज्ञनायक के रूप में मधुकर जैन और रविंद्र जैन की इंद्र प्रतिष्ठा संपन्न हुई। प्रतिदिन सुबह भगवान का अभिषेक, आरती व महापूजन तथा संध्या काल में महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुगंध दशमी पर बैतूल जिले के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए पर्व की शोभा बढ़ाई। अनंत चतुर्दशी के दिन मंदिर की समस्त प्रतिमाओं का महामस्तकाभिषेक, पूजन और महाआरती संपन्न हुई। इसके अगले दिन क्षमा वाणी पर्व और क्षेत्रपाल देव की पूजा हुई। समापन दिवस पर विशेष मंत्रोच्चार के पुण्यवाचन, मंगल कलश निष्ठापन और विशाल शोभायात्रा के साथ पर्व का भव्य समापन किया गया। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां के मूलनायक देवाधिदेव महाअतिशयकारी 1008 श्री चिंतामणि पारसनाथ भगवान की प्रतिमा लगभग 500 वर्ष प्राचीन और चमत्कारी है। इसी वर्ष अप्रैल माह में मंदिर के वास्तुदोष निवारण हेतु महा पंचकल्याणक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ आयोजित हुआ था, जिसमें विशाल व मनोहारी प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इसके उपरांत इस मंदिर को बैतूल जिले का पहला अतिशय क्षेत्र घोषित किया गया।

## मुलताई में बसों से लग रहे जाम की समस्या का हुआ समाधान

**बैतूल/मुलताई।** शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई के मार्ग पर अव्यवस्थित खड़ी बसों के कारण आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। इस समस्या से न केवल विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं व अभिभावक प्रभावित हो रहे थे, बल्कि आम राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय पहुंचकर मार्ग पर खड़ी सभी बसों को तत्काल हटवाकर उन्हें विद्यालय के खेल मैदान में व्यवस्थित रूप से खड़ा करवाया। यह सुनिश्चित किया कि अब से विद्यालय मार्ग पर किसी भी बस को खड़ा नहीं किया जाएगा।



बस चालकों एवं विद्यालय प्राचार्य को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बसें अपने निर्धारित संख्या के अनुसार मैदान में क्रमबद्ध खड़ी रहेंगी। साथ ही बच्चों को पंक्तिबद्ध होकर संबंधित बसों में बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद बसों को उसी क्रम में सुव्यवस्थित तरीके से रवाना किया जाएगा। प्रशासन ने विद्यालय प्राचार्य को भी निर्देशित किया है कि इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

## सड़कों तक पसरी दुकानों से आवागमन में हो रही परेशानी

# लोगों की शिकायत और कमिश्नर के आदेश के बाद नपा ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



नगर के जनपद चौक से शनिवार बाजार तक सडक़ के दोनों और अवैध ढंग से लग रही दुकानों को स्थानीय प्रशासन ने बुधवार सख़्ती से हटा दिया है। इस मौके पर नगर पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग सहित पुलिस के अधिकारी भी मौजूद थे। इसके पूर्व में भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा अवैध ढंग से शहर में दुकान लगा रहे दुकानदारों को नोटिस दिया गया था, किंतु प्रशासन की सूचना के बाद भी दुकानदारों ने नियमों को दरकिनार करते हुए रोड तक पसरी दुकानों को नहीं समेटा। जिसके बाद नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर जीके तिवारी के निर्देश पर अतिक्रमण की कार्यवाही की गई है। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि शहर में अतिक्रमण की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। शहर में जहां-जहां अवैध अतिक्रमण है, उन्हें सख़्ती से हटाया जाएगा। इस दौरान लगभग 50 से ज्यादा दुकाने जो अतिक्रमण कर बनाई गई है, उन्हें हटाया गया है। इस दौरान तहसीलदार रिचा कौरव, थाना प्रभारी राजेश सातनकर, सीएमओ आमला नितिन बिंजवे भी उपस्थित थे।

### लोगों ने कहा...रसूखदारों को छोड़ा

शहर के अलग-अलग इलाकों में यूं तो बड़ी संख्या में अतिक्रमण है, कुछ इलाके तो ऐसे भी है, जहां अतिक्रमण से ऐसे इलाके अपनी पहचान भी खो चुके हैं। ऐसे में लोगों ने कहा है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासन रसूखदारों को बख्श रहा है। केवल छोटे दुकानदारों पर ही कार्यवाही की जा रही है, दरअसल यहां लोगों का इशारा शनिवार बाजार को चहूं और से लील रहे। ऐसे मकान मालिको और दुकानदारों से था, जिन्होंने अंदर ही अंदर शनिवार बाजार को पूरी तरह समेट दिया है। लोगों की मांग है कि इन इलाकों में भी प्रशासन सख़्ती से कार्यवाही करें। ऐसे इलाकों में शनिवार बाजार का पूर्वी और दक्षिणी इलाका शामिल है।

### व्यापारियों ने जताया विरोध

इधर शहर के एक खास इलाके में हुई अतिक्रमण की कार्यवाही के बाद पीड़ित दुकानदारों ने स्थानीय प्रशासन पर अपना गुस्सा निकाला है व्यापारियों का कहना है कि यह समय व्यापारियों पर कार्यवाही का नहीं है अभी वर्षाकाल चल रहा है, और अचानक ही प्रशासन व्यापारियों पर कार्यवाही भी कर रहा है ऐसे में व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट बन जाएगा।

## अतिवृष्टि और पीला मोजेक से तबाह सोयाबीन फसल का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**बैतूल।** भैंसदेही विकासखंड में हुई अतिवृष्टि और पीला मोजेक रोग ने किसानों की सोयाबीन फसल को गहरा नुकसान पहुंचाया है। बुधवार को एसडीएम अजीत मराहवी ने पटवारी हल्का क्रमांक 87 के ग्राम कौड़िया में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया और प्रभावित फसल की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ तहसीलदार श्री कुमरे, राजस्व निरीक्षक, पटवारी बलवंत राउत तथा कृषि विभाग से श्री टेकाम भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने खेतों में जाकर किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान ग्राम के कृषक भोपु लिखितकर, लतीफ मसराम, किशोर दहीकर, रंगीलाल मेश्राम ने बताया कि भैंसदेही तहसील के ग्राम कौडिया, कौडी, बड़गांव, लहास, भीवकुण्ड, धुडिया नई, धुडिया पुरानी, पलासपानी, कोरडी, गौलानढाना, पिपरीढाना और सरई गांव के अधिकांश किसानों की भूमि में बोई गई फसल बारिश के अत्यधिक दबाव और रोग के फैलाव से पूरी उपज नष्ट हो गई है। अब किसानों के सामने आजीविका संकट खड़ा हो गया है और वे शासन से त्वरित सहायता की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## शुभम धाडसे पुनः बने गजानन महाराज मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष

# गजानन मंदीर संस्थान कौड़ीढाना की बैठक संम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही



गजानन महाराज मंदिर समिति कौड़ीढाना की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने सर्वसम्मति से शुभम धाड़से को पुनः मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष चुने जाने के बाद धाड़से ने अपने संबोधन में कहा कि समाज तभी प्रगति करता है, जब वह एकजुट होकर आगे बढ़ता है। यह मंदिर केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता का केंद्र है। पारदर्शिता और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी पूँजी है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों में समिति ने दान-दक्षिणा के हर एक रुपये का सदुपयोग विकास कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया है। मंदिर जीर्णोद्धार फेंसिंग, व्यायाम शाला, स्ट्रीट लाइट, वृक्षारोपण, ग्राउंड विस्तार और स्वच्छता जैसे कार्यों के साथ ही गरीब परिवारों की शादियों में 2000 रुपए में प्रांगण उपलब्ध करवाया जिससे उन्हें सहयोग दिया गया। भविष्य की योजनाओं का खुलासा करते हुए धाडसे ने कहा कि अगले तीन माह में गजानन महाराज का एक भव्य और आकर्षक नया मंदिर बनने जा रहा है। यह मंदिर आधुनिक सुविधाओं से सुज्जीत होगा, जिसमें विशाल मंडप, सुंदर तोरणद्वार, आकर्षक शिखर और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर बैठने व दर्शन की व्यवस्था रहेगी। यह केवल ईंट-पत्थर का मंदिर नहीं होगा, बल्कि समाज की एकजुटता और आस्था का जीवंत प्रतीक होगा। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि समिति में दोनों वार्डों के पार्षदों को शामिल किया जाए, ताकि नगर परिषद के सहयोग को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

बैठक में कृष्णराव खासदेव ने कहा कि दुनिया में सारी चीजे बेकार चली जाएगी, लेकिन हरि का नाम कभी बेकार नहीं जायेगा। उसका प्रसाद आपको मिलेगा ही। वहीं प्रमोद महाले ने कहा कि निर्माण समिति के अध्यक्ष शुभम धाड़से एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं कि उन्होंने मिलकर बहुत ही अच्छा मंदिर का निर्माण कार्य किया है और आगे भी इनके द्वारा अच्छा कार्य किया जायेगा। मनीष नावंगे ने कहा कि निर्माण समिति में जो मंदिर की डिजाइन ड्राईग तैयार करके मंदिर का निर्माण कार्य किया है वह बेहद तारीफ के काबिल है। ऐसा लग रहा है कि शेगांव जैसा माहौल नजर आ रहा है। और गजानन मंदिर समिति अध्यक्ष वामनराव महाले एवं उनकी टीम भी अच्छा काम कर रही है। अंत में समिति अध्यक्ष वामनराव महाले ने बैठक में आये सभी लोगों का आभार प्रकट यिा। बैठक में भारी संख्या में जनसमुदाय मौजूद रहा।

## जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, नपा अधिकारी पर लगाए आरोप

# नगर की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

ब्लाक कांग्रेस भैंसदेही ने जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैंसदेही को नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व ही भारतीय जनता पार्टी के 3 पार्षदों द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर जो गंभीर आरोप लगाए हैं उसकी निष्पक्षता से जांच की जाए और उसका पूरा सच सामने लाया जाए। कांग्रेस ने मांग की कि मुख्यमंत्री शहरी भु-अधिकार योजना 2023 के अन्तर्गत आवासीय पट्टा स्वीकृति पत्र 02 सितंबर 2023 में नगर परिषद भैंसदेही के लेटर के माध्यम से स्वीकृति आदेश दिया गया था लेकिन आज सितंबर 2025 तक करीब 70-80 हितग्राहियो को आज तक पट्टा प्रदान नहीं किया गया है। जिस कारण उन्हे प्रधानमंत्री आवास के लाभ से वंछित रहना पड़ रहा है। नगर परिषद द्वारा आवासहिन लोगों को जो मकान आवंटित किए गए वहां ना तो पानी. ना तो बिजली और ना तो पक्की सडक़ की व्यवस्था नही है जिस कारण उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, रहवासियों को बिजली-पानी की व्यवस्था की जाये और पक्की सडक़ निर्माण की जाए। भैंसदेही-खामला रोड पर सी.एम राइस विद्यालय के सामने दो ब्रेकर लगाये जाए, बच्चों के स्कूल के आने और जाने के समय तेज गति से वाहनों का आना-जाना लगा रहता है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। वार्ड क्रमांक 14 में सामुहिक शौचालय जो बनाया था उसे बिना डिसमिन्टल आदेश के तोडा गया है जिससे शासन को लाखो रू. की हानि हुई है। बिल्डींग को डिश्मेन्टल करने के बाद जो मटेरियल अन्य सामग्री निकली है वह कहाँ गई। वार्ड क्रमांक 03 में जो सुलभ शौचालय बनाया गया है उसका सैप्टीक टेंक छोटा होने के कारण ओवर फ्लो हो जाता है और नाली में बहने लगता है जिससे गंदी बदबु चलती है जबकि सुलभ शौचालय के बाजु में ऑगनवाडी केन्द्र है जहाँ छोटे बच्चे पढ़ते है दुसरी तरफ बजरंग बली का मंदिर है जहाँ भक्तो को पुजा करने में गन्दगी एवं बदबू का सामना करना पड़ता है हम मांग करते हैं कि सुलभ शौचालय को डिश्मेनटल कर अन्य स्थान पर बनाया जाये। वार्ड क्रमांक 3 में पुराना कच्चा नाला हैं जो बरसात के दिनों में उसका पूरा पानी वार्डवासियों के घरों में घुसता हैं जिससे वार्ड वासियों को बड़ी परेशानी होती हैं, पक्का नाला निर्माण किया जाए। हमारे भैंसदेही ब्लॉक में कई किसानों की फसल खराब हो चुकी है उनकी सर्वे कराके उचित मुआवजा देने की कृपा करे। मांगों को शीघ्रता से पूरा किया जाये नहीं तो कांग्रेस पार्टी द्वारा भविष्य में उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होंगीं। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस मंडल अध्यक्ष रानु ठाकुर, पूर्व कांग्रेस मंडल अध्यक्ष विनयशंकर पाठक, वामनराव महाले, श्रावण सिह सिकरवार, कांग्रेस पार्षद महेश थोटेकर, सुभाष मोहरे, अनिल निनावे, महेन्द्र राठोर, रामभाऊ वडुकले, दिपक एश्कर, प्रकाश राठौर, दिपक नान्हे, नितिन सोनारे, मनोज राठौर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस महिला पार्षदों ने बनाई दूरियां

नगर की समस्याओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस के हल्ला बोल प्रदर्शन की शहर में जमकर चर्चा है लोग कहते नहीं थक रहे की कांग्रेस के प्रदर्शन ने कांग्रेस की ही महिला पार्षदों को देखा नहीं गया, जिसको लेकर नगर की जनता में जमकर चर्चा है, लोग अब कांग्रेस महिला पार्षदों को भाजपा के संपर्क में होने का आरोप लगा रहे हैं, इस बात की भी चर्चा है कि पार्षद तो ठीक है उनके परिवार जानो को भी प्रदर्शन में नहीं देखा गया, यदि ऐसा ही रहा तो कांग्रेस को आगामी नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस को अपनो से धोखा खाना पढ़ सकता है, जिसको कांग्रेस जिला अध्यक्ष को समझना होगा?



### कार्रवाई की जाएगी

हमने नगर के ज्वलंत मुद्दों एवं नगर की समस्याओं, भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठाई है, और आगे भी उठाते रहेंगे, मेरे द्वारा कांग्रेस के सभी पार्षदों को सूचित किया गया था, लेकिन केवल वार्ड नंबर 13 के कांग्रेस पार्षद ही प्रदर्शन में साथ रहे, बाकी के तीन पार्षद क्यों नहीं शामिल हुवे यह तो वहीं बता पाएंगे।

**- रानू ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष**

भाजपा पार्षदों ने जो ज्ञापन दिया है उसके लिए जल्द ही जांच कमेटी बनाई जाएंगी, साथ ही कांग्रेस ने जो ज्ञापन सौंपा है उसको कलेक्टर साहब को भेजा जाएगा , उनके मार्गदर्शन में आगे की कार्यवाही की जाएंगी।

**-अजित मरावी, एसडीएम भैंसदेही**

## तहसील चौराहे पर मिला शव, मर्ग कायम



**पिपरिया।** स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत तहसील चौराहे के पास एक बुजुर्ग का शव मिला है। स्टेशन रोड थाना प्रभारी के अनुसार मृतक के जेब मे आधार कार्ड तथा तीन फोन नंबर मिले है। लेकिन पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मनमोद पटेल तहसील गाडरवारा ग्राम पिठवानी जिला नरसिंहपुर के रूप में हुई है। पुलिसके द्वारा बताया गया कि स्थानीय लोगों केदारा नगर पालिका को सूचना दी गई थी। मौके पर पुलिस अमित भारद्वाज ने पहुंच कर मामलेकी जांच करते हुए बताया कि मृतक 60 वर्ष का है। मृतक की जेब में तीनमोबाइल नंबर की पर्ची मिली है इन नंबरों पर संपर्क करने पर किसी ने भी पहचानसे मना कर दिया है। नगरपालिका का सब वाहांनलिखित मैमो की मांग पर शवलेजाने से मना कर दिया गया। शव का पोस्टमार्टम करने के बाद डॉक्टर देवेंदर ठाकुर ने बताया कुपोषित था। उसके फेंफड़ों में खराबी आने से बिसरा जांच को भेजा गया है।

### एकमात्र माखननगर की रेटिंग ए, बाकी की रेटिंग बी, सोहागपुर सी रेटिंग पर

# सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण मामले में नप सोहागपुर जिले में फिसड्डी

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के मामले में 10 सितंबर 2025 तक की स्थिति में सोहागपुर नगर परिषद जिले में फिसड्डी स्थिति में है। जबकि नप माखन नगर जिले में टॉप पर है। सोहागपुर नप अधिकारियों ने कर्मचारियों को तीव्रता लाने के निर्देश दिए हैं।



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के मामले में 10 सितंबर 2025 तक की स्थिति में सोहागपुर नगर परिषद जिले में फिसड्डी स्थिति में है। जबकि नप माखन नगर जिले में टॉप पर है। सोहागपुर नप अधिकारियों ने कर्मचारियों को तीव्रता लाने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी अनुसार 10 सितंबर 2025 की सुबह 10.30 बजे तक सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण का डाटा देखा गया। तो सोहागपुर नप जिले में सबसे निचली स्थिति में है। वहीं नप माखननगर शिकायत निराकरण मामले में सबसे ऊपर पाई गई है। डाटा एकत्र होने पर नगर परिषद के अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि शिकायतों के निराकरण के कार्य में तीव्रता लाई जाए ताकि नप सोहागपुर की स्थिति भी सुधरे साथी जिले की स्थिति का भी प्रदेश स्तर पर सुधार हो सके। जानकारी अनुसार नप सोहागपुर में एल वन स्तर पर 21, एल टू स्तर पर पांच तथा एल थ्री स्तर पर 17 शिकायतें 10 सितंबर तक की स्थिति में लंबित हैं। इस तरह कुल 43 शिकायतें रनिंग स्टेटस में हैं।

### यह है प्रतिशत में आंकड़ा

यदि प्रतिशत में शिकायतों के निराकरण की बात करें तो माखन नगर 93.51, बनखेड़ी 77.35, पिपरिया 76.97, इटारसी 72.77, सिवनी मालवा 71.75, नर्मदापुरम 70.26 तथा सोहागपुर 61.58 प्रतिशत निराकरण स्थिति में है। इनमें एकमात्र माखन नगर निकाय की रेटिंग ही ए है। जबकि सोहागपुर की रेटिंग सी है। अन्य नगर निकायों की रेटिंग बी है। इस तरह जिले में 10 सितंबर 2025 तक की स्थिति में 72.70 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण किया गया है तथा नर्मदापुरम-जिला बी रेटिंग पर है।

## 6 लाख से ज्यादा आय कमाने वाले लोगों को थमाए नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया**

मध्य प्रदेश शासन के द्वारा तथा केद्र सरकार के सर्वेक्षण में पाया गया कि पिपरिया विकासखंड में ग्रामीण क्षेत्रों में 6 लाख से अधिक की आय प्रतिमाह कमाने वाले जी एस टी भरने वाले लगभग 120 लोगो को नोटिस जारी किए गए हैं। जो अभी तक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने का राशन कार्ड धारकों के द्वारा मुफ्त में हर माह राशन लेने के बाद उसी दुकान पर बेच दिया जाता था। तथा सरकारी नौकरी में स्कूलों में तथा अन्य योजनाओं का लाभलिया जा रहा था। इसी तरह से पिपरिया नगर पालिका क्षेत्र में भी गड़बड़ी पाई है। जिनमें अभी तक 209लोगो को नोटिस जारी किए गए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं तथा ज़बाब मांगा है।

दस्तावेज जमा करने केबाद शासन स्तर से ऐसे लोगों को कोई सुविधा नहीं दी जाएगी तथा नाम काटने काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिकवितरण प्रणाली केअंतर्गत ऐसे अपात्र राशन उपभोक्ताओं केखिलाफकरवाई जा रही है। तथा अन्य लोगों की जांच कराई जाएगी आयकर विभाग के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है। लोग अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर रहे हैं।

## कॉलेज में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में विश्वआतम हत्या निवारण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कियागया। जिसमें निबंध स्लोगन लेखन शपथ मां की बात सत्र मानव श्रृंखला गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एन एस एस की बालिका इकाईके द्वारा मानसिकसवास्थ्य क्लब के संयुक्त तत्वाधानमे आयोजित किया गया जिसमें 56 विद्यार्थियोंने भागलिया। कार्यक्रमका शुभारंभ डा राजीव महेश्वरी प्राचार्य के उद्बोधन से हुई उन्होंने आत्महत्या के कर्म प्रकाश डाला बताया गया कि युवाओं को मानसिक तनाव सामाजिक स्तर पर दबाव अकेले पन तथा अन्य परिस्थितियों में आत्म घाती कदम उठाए हैं।जो अपने लोगों से साझा करना चाहिए। सभी को शपथ दिलाई गई। डॉ अनीतासेन एस के मेहरा सहित सभी प्रोफेसर ने उद्बोधन में प्रकाश डाला। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम श्रेणी में राजकुमारि दुसरे पर प्राची तीसरे पर काजल वंशकार रही। स्लोगन प्रतियोगिताम़े हर्षिता यादव राजकुमारी ठाकुर रीना अहिरवार में पुरस्कार प्राप्त किया कर काम के अंत में विद्यार्थियोंके द्वारा कार्यक्रमके केअंत में मानव श्रृंखला बनाकर जीवन संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

## वार्ड में कार्य नहीं होने से परेशान हो रहीं हैं कांग्रेस की वार्ड पार्षद, लिखा सीएमओ को पत्र

### रोड ना बनाने पर दी चेतावनी- स्वयं के व्यय पर कराएंगी काम, लगाएंगी फ्लेक्स

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**



नगर के अंबेडकर वार्ड की पार्षद हेमलता कहार कांग्रेसी हैं। वार्ड पार्षद हेमलता कहार का कहना है कि वे अपने कार्य में वार्ड में नगर परिषद द्वारा कार्य न करने से परेशान हैं। उन्होंने सीएमओ नगर परिषद सोहागपुर को पत्र भी लिखा है।

पार्षद हेमलता कहार ने पत्र में उल्लेख किया है कि उनके मोहल्ले में गिट्टी मोहल्ला की कच्ची सड़क पर अत्यधिक मात्रा में कीचड़ जमा होता है। जिसके कारण आवाजाही बाधित होती है एवं सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। साथ ही उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि उनके वार्ड में स्ट्रीट लाइट भी काफी समय से बंद है, जिसे शुरू करने के बाबत कई बार आग्रह किया जा चुका है। लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। पार्षद हेमलता कहार के पत्र अनुसार यदि शीघ्र ही सुनवाई नहीं होती है तो वे अपने स्वयं के व्यय से सड़क सुधार का कार्य कराएंगी। जिसके फ्लेक्स भी समूचे शहर में लगाए जाएंगे। पार्षद हेमलता कहार ने पत्र में अंत में उल्लेख किया है कि उनके वार्ड में बरसात के दौरान साफ सफाई नहीं की गई है, ना ही रोगरोधी दवाओं का छिड़काव कराया गया है। अतः अविलंब सफाई कर रोगरोधी दवाओं का छिड़काव भी कराया जाए।

## नवनी चौकसे एमएससी में रहीं प्रथम

**इटारसी।** पत्रकार विनीत चौकसे की पुत्रवधू, नवनी संयम सिन्हा चौकसे ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धि से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



उन्होंने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से एमएससी (पर्यावरण विज्ञान) की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। भोपाल में आयोजित विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में नवनी को उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वयं नवनी को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। नवनी की इस सफलता पर उनके परिवार के साथ-साथ पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।

## साडा सीईओ द्वारा साडा क्षेत्र का औचक निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी**

निरीक्षण मे चंपक झील के कार्यो को देखा गया वहां नवनिर्मित दुकानदारों को अपनी दुकाने व्यवस्थित एवं पर्यटकों के अनुकूल रखने तथा दुकान क्र0 3 के संचालक को शीघ्र दुकान प्रारभ करने हेतु निर्देशित किया तथा परिसर को स्वच्छ रखे इस पर चर्चा की। इसके उपरांत होटल सिटरस प्राईम का भ्रमण किया जहां होटल प्रबंधन द्वारा होटल के समस्त कचरे को होटल के पीछे डाला जा रहा है। पूर्व में भी पत्र के माध्यम से समझाईस दी गई है। उक्त होटल रविशंकर भवन के मार्ग पर स्थित होने के कारण अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन भी उसी मार्ग से होता है, ऐसे में रोड किनारे का कचरा पचमढी की सुंदरता को धूमिल कर रहा है।

साडा सीईओ द्वारा होटल प्रबंधक को निर्देशित किया कि तत्काल सम्पूर्ण कचरा उक्त स्थल से अलग करें एवं भविष्य में कचरे को साडा के वाहनों में ही डालें। स्थल पर तहसीलदार वैभव बैरागी एवं साडा का स्टाफ उपस्थित रहा।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कॉलेज में हुए कई कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी**

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ₹विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस शेखर द्वारा अपने उद्बोधन में आत्महत्या के कारण एवं बचाव पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कि₹हम आत्महत्या के विरुद्ध आवाज उठाएंगे और जरूरतमंद साथी का साथ देंगे₹शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अनुज डोनीवाल द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से कारण, पहचान एवं बचाव के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। ₹जीवन की उम्मीद₹ विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए ₹अपनी बात कहे -खुलकर बोले₹ विद्यार्थियों को अपनी भावनाएं साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम कनुश्री, द्वितीय गरिमा टिकार एवं तृतीय स्थान रागिनी अहाके ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान क्रिस्टीना द्वितीय स्थान कनुश्री एवं तृतीय स्थान गरिमा एवं किरन कोरी ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ सत्य प्रकाश पटेल एवं डॉ शाफिया जहरा रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री सुरेश कुमार दहिकर महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

## सेवा निवृत कर्मचारी संघ ने शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन किया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर**

मध्य पदेश सेवानिवृत कर्मचारी संघ की माखन नगर इकाई ने कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय कृष्ण कुमार गुरु के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन कर नगर के सेवानिवृत्त शिक्षक एवं अन्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियो का सम्मान किया कार्यक्रम का आयोजन कृष्ण कुमार गुरु के पौत्र कान्हा गुरु एवं सेवानिवृत कर्मचारी संघ माखन नगर इकाई द्वारा प्रतिवर्ष स्वर्गीय गुरु के जन्म दिन के अवसर पर किया जाता है कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

## सुलभ न्याय दिलाने नेशनल लोक अदालत शनिवार को, रवाना किया जागरूकता रथ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**



नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 13 सितंबर 2025 को कार्यपाल अधीक्षक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के आदेशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर के न्यायालय में यह नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। जिसके प्रति जागरूकता के लिए बुधवार को जागरूकता रथ रवाना किया गया है। प्रेस नोट अनुसार दोपहर में तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। रथ क्षेत्र में लोक अदालत में सहभागिता के लिए पक्षकारों को प्रेरित करेगा। इस दौरान न्यायाधीशगण, अधिवक्ता व न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

### बांटे पर्चे

जानकारी अनुसार बुधवार 10 सितंबर 2025 को अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर के मार्गदर्शन में शहर के बाजार व सार्वजनिक स्थानों पर पंफलेट भी वितरित किये गए हैं। नागरिकों को बताया गया कि 13 सितंबर 2025 शनिवार को नेशनल लोक अदालत होगी। जिसके व्यापक प्रचार के लिये नगर पालिका कार्यालय, तहसील कार्यालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि में पंफलेट वितरण कर लोगों को नेशनल लोक अदालत में सहभागिता के लिए जागरूक किया। वहीं सार्वजनिक स्थानों की दीवारों पर भी पंफलेट चस्पा किये गए।

## वीर रस के कवि आरक्षक राहुल राय का निधन

**माखन नगर।** पुलिस थाने में पदस्थ आरक्षक राहुल राय काफी समय से लीवर की समस्या से जूझ रहे थे लीवर का प्रत्यारोपण होना था उनके इलाज के सहयोग के लिए कई संस्थाएं आगे भी आई थी इलाज के दौरान उनका निधन हो गया



पुलिस विभाग में कार्यरत राहुल राय का इंदौर के निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे निशिगंधा साहित्य परिवार माखन नगर के सदस्य थे।प्रदेश के सभी बड़े मंचो से अपनी ओज की कविताओं से श्रोताओं को प्रभावित किया था। वे कुशल मंच संचालन किया करते थे। निशिगंधा साहित्य परिवार माखन नगर उन्हें अश्रु पूरित श्रद्धांजलि दी है। वीर रस के कवि राहुल राय के निधन से नगर के गणमान्य नागरिको एवं साहित्यकारों ने शोक व्यक्त किया।

## बाल मित्रयोजना के अंतर्गत थाना प्रभारी के द्वारा दी गई जानकारी



**पिपरिया।** मध्य प्रदेश शासन पुलिस विभागके द्वारा बालमित्र योजना की जानकारी थाने में बुलाकर छात्र-छात्राओं को दी गई। स्टेशन रोड थाना प्रभारी ने बताया कि बाल मित्र योजनाका विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जो 15 सितंबर 2025 तक चलेगा। जिसके अंतर्गत उप निरीक्षक सहायक निरीक्षक उपनिरीक्षक प्रधान आरक्षक आरक्षक के द्वारा स्टेशन रोड थाने में सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं बुलाया गया। जिनके साथ स्कूल के सचालक आनंद प्रकाश शर्मा सभीशिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं ने थाने में अपनी उपस्थिति दर्जकराई। तथापुलिसने बताया डायल 112 गुड़ टच बैंड टच सी सी टी एन एस नागरिक सेवा यातायात व्यवस्था गन लायसेंस चरित्र प्रमाण पत्र पासपोर्ट हेल्पलाइन नंबर के संबंध में जानकारी दी गई।

### जुलूस-ए-मिलादुन्नबी में मुस्लिम समाज ने की थी पहल

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**

पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर सोहागपुर नगर में जश्न-ए-मिलादुन्नबी जुलूस दौरान मुस्लिम समाज ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए थे।



मुस्लिम समाज द्वारा एकत्र राशि से राहत सामग्री खरीदकर पंजाब भेजी गई है। बुधवार को सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी की मौजूदगी में राहत सामग्री के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। राहत सामग्री से भरा यह वाहन भोपाल पहुंचेगा तथा भोपाल से भेजी जा रही अन्य राहत सामग्री के साथ यह पंजाब रवाना किया जाएगा। सामग्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ज़रूरतमंदों तक पहुंचाई जाएगी। मुस्लिम त्यौहार कमेटी सोहागपुर अध्यक्ष वसीम खान व शोभापुर अध्यक्ष समीर खिलजी ने बताया कि पंजाब की मदद के लिए लगभग दो लाख रूपए एकत्रकर आवश्यक सामग्री क्रय की गई थी। बुधवार को सामग्री भरे वाहन रवाना किए गए हैं। जिसमें एक वाहन सोहागपुर व एक वाहन शोभापुर से रवाना किया गया। वाहनों की रवानगी दौरान एसडीएम प्रियंका भल्लावी, हाजी रशीद, हाजी नईम गुड्डू, अबरार हुसैन, मुस्ताक बाबा, हाजी सईद, वसीम खान, जावेद खान, राजा शाह, एम खान, समीर खिलजी, आदाब खान, आरिफ शेख, शाहरुख़ आदि मौजूद रहे।

### क्रय की सामग्री

मुस्लिम समाज के वरिष्ठ सदस्य हाजी रशीद साहब ने जानकारी दी कि प्रारंभ में समाज द्वारा नगद राशि भेजने का विचार किया गया था। लेकिन जब पंजाब के शाही इमाम से संपर्क साधा गया तो उन्होंने ज़रूरी वस्तुएं भेजने का सुझाव दिया। समाज ने जुटाई गई राशि से खाद्य सामग्री, कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएं खरीदीं और प्रशासन की देखरेख में राहत वाहन को रवाना किया। भेजी गई सामग्री में चावल, आटा, दाल, शक्कर, मसाले, बिस्किट, सूखा दूध, गद्दे, कम्बल, बेड सीड, तिरपाल, मच्छरदानी, चप्पल, लोवर, टीशर्ट आदि शामिल हैं।

## जरा सी बारिश में स्टेट हाईवे बना तालाब, राहगीर परेशान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**

सोहागपुर शहर में चंद मिनट की बारिश से स्टेट हाईवे पर तलाब भर जाते हैं। सबसे ज्यादा खराब स्थिति सीएम राइस स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने होती है। जहां अत्यधिक पानी भर जाता है एवं नागरिक परेशान होते हैं।



नगर के रामगंज मोड़ पर भी जल भराव की समस्या वर्षों से बनी हुई है। कुछ मौकों पर स्थानीय प्रशासन ने समस्या का अस्थाई समाधान किया है। लेकिन स्थाई समाधान नहीं होने से नागरिक रोष में हैं।


**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)**

फोन/फैक्स : 07574-254072 ईमेल: heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय कोड 3202 महाविद्यालय वि.वि. कोड 147
www.mp.gov.in/highereducation/hoshangabad NAAC Grade - B++

क्रमांक -2285/स्था./2025 नर्मदापुरम, दिनाँक 10/09/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

महाविद्यालय में सामग्री क्रय किये जाने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पोर्टल पर निविदा जारी की गई है निविदा में भाग लेने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start Date - | 09.09.2025 |
| 2. | End Date - | 29.09.2025 |

प्राचार्य
शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)

## खबर संक्षेप



### अधिक किराया वसूलने पर यात्री बसों के चालान

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर हरदा जिले के विभिन्न मार्गा पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को चेकिंग अभियान के दौरान बसों व अन्य वाहनों को चेक किया गया। कार्यवाही के दौरान 3 यात्री बसों व 5 लोडिंग वाहनों पर मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान 12500 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया एवं 1 बस को जप्त कर जिला परिवहन कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इस दौरान वाहन चालको को नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

---------------

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक कल

**हरदा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 12 सितंबर को होगी। जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण कुमार इवने ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 2 बजे से आयोजित होगी।

### कृषि के दौरान मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए की मदद

**हरदा।** मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मृतक प्रमिला सिलाटे पिता गुदराम सिलाटे निवासी हर्रा थाना चिचौली तहसील भैसदेही के परिजन के लिये 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि गत माह ग्राम चिचौली निवासी प्रमिला पिता गुदराम सिलाटे की मृत्यु कृषि कार्य के दौरान हो गई थी। प्रमिला के पिता गुदराम निवासी चिचोली के खाते में कुल 4 लाख रूपये की राशि जमा कराई जाएगी।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 75 आवेदनों पर सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 75 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

### बढ़ते उच्च रक्तचाप के प्रबंधन विषय पर उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

# समितियों का उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना तथा जागरूक करना: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्पंदन कार्यक्रम के तहत एमसीडी कार्यक्रम एवं 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में बढ़ते उच्च रक्तचाप के प्रबंधन विषय पर बुधवार को पंच, सरपंचों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनप्रतिनिधि गांव-गांव पहुंचकर लोगों को मधुमेह व रक्तचाप रोगों की दवाईयां उपलब्ध करा सकें।

आज की कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों को जो सिखाया जाए उसे सीखकर हम अपने गांव की उन्नति कर सकते है तथा उसे स्वच्छ और स्वस्थ्य बना सकते हैं। कार्यशाला में कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने कहा कि आज हरदा जिले में एक नयी पहल की शुरुआत हुई है। यह कार्यक्रम जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मधुमेह व रक्तचाप रोगों की आसानी से रोकथाम की जा सकती है, लोगों को सचेत करने मात्र से ही इस रोग का निवारण किया जा सकता है। इसके अंतर्गत 97 आरोग्य समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों का मुख्य उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना तथा जागरूक करना है।




### ब्लाकों में 97 आरोग्य मंदिरों में समितियां गठित हुईं

कार्यक्रम में जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने ने बताया कि तीन ब्लाकों में 97 आरोग्य मंदिरों में जो समितियां गठित हुई है इन समितियों में जन-प्रतिनिधि सदस्य, आशा कार्यकर्ता, सीएचओ, ए.एन.एम, समूह की महिला, शिक्षक एवं जनपद की टीम सम्मिलित हैं। इस अवसर पर स्टेट टीम लीडर जपाईगो भोपाल डॉ. ज्योति बनवारी, सीनियर टेक्निकल सुपरवाईजर डॉ. रविकुमार एवी, सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने, याकूब मुजफ्फर जपाईगो भोपाल, डीएचओ एवं पंचायतों के सरपंच, बीपीएम, बीएएम, सीडीपीओ, डीईओ शिक्षा, डीपीओ एनआरएलएम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### जीवनशैली में बदलाव को बढ़ावा देना शामिल है

सीनियर टैकनीकल सुपरवाईजर डॉ. रविकुमार एवी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि किस प्रकार जन आरोग्य समितियां सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देकर एनसीडीज के बढ़ते बोझ को कम करने और एक स्वस्थ समुदाय बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि जन आरोग्य समितियों के माध्यम से सहभागिता द्वारा गैर-संचारी रोगों एनसीडीज के प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी, स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता अभियान, स्क्रीनिंग शिविर, जीवनशैली में बदलाव को बढ़ावा देना और निवारक उपायों पर ज़ोर देना शामिल है। इन समितियों का उद्देश्य समुदायों को एनसीडीज के रोकथाम और नियंत्रण के प्रति जागरूक करना, जोखिम कारकों को कम करना, और समय पर पहचान व प्रबंधन को सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जपाईगो की टीम द्वारा जन आरोग्य समितियों में जनप्रतिनिधियो की भूमिका, जन आरोग्य समितियों समीति की बैठके प्रति माह करने, जन आरोग्य समितियों के बजट प्रबंधन के संबंध में विस्तार से बताया।

### मुस्लिम समाज ने की पहल

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 7 लाख 27 हजार रुपए जुटाए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पंजाब में आई भीषण बाढ़ के बाद राहत कार्यों में हर तरफ से सहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में हरदा जिले के मुस्लिम समाज ने भी सराहनीय पहल की है। समाज के लोगों ने महज चार दिन की मेहनत और केवल व्हाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से 7 लाख 27 हजार 786 रुपए की राशि एकत्रित कर पंजाब के अहरार फाउंडेशन के खाते में ट्रांसफर की।

साथ ही समाज के लोगों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग आगे बढ़कर बाढ़ पीड़ितों की मदद करें। वहीं सिख समुदाय के लोगों ने मुस्लिम समाज का आभार जताते हुए इसे भाईचारे और मानवता की मिसाल बताया। आपको बता दें कि पंजाब में हाल ही में आई भीषण बाढ़ ने राज्य के एक बड़े हिस्से को प्रभावित किया है। बाढ़ ने हजारों लोगों के जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। पूरे देश से लोग आगे बढ़कर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहे हैं। समाज के अहद खान ने बताया की हरदा के मुस्लिम समाज ने केवल चार दिन के भीतर और वह भी सिर्फ व्हाट्सएप्प ग्रुप की मदद से 7 लाख 27 हजार 786 रुपए की बड़ी राशि एकत्रित कर ली। इस राशि को तुरंत ही पंजाब के अहरार फाउंडेशन के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। समाज के सदस्यों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। समाज के अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि जब उन्हें पंजाब में बाढ़ की स्थिति और लोगों की कठिनाइयों के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने तत्काल मदद का निर्णय लिया। इसके बाद समाज के युवाओं ने व्हाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से अपील जारी की। अपील पर जबरदस्त प्रतिसाद मिला और महज चार दिनों में ही लाखों रुपए एकत्र हो गए। हरदा मुस्लिम समाज के इस कदम की न सिर्फ जिले में बल्कि बाहर भी प्रशंसा की जा रही है।

समाज के सदस्यों ने यह भी कहा कि यह राशि एक शुरुआत है और आगे भी संभव हो तो और सहायता भेजने का प्रयास किया जाएगा। वहीं सिख समुदाय के राजवीर सिंग ने बताया की हरदा मुस्लिम समाज के इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यह भाईचारे और सामाजिक एकता की मिसाल है। संकट की इस घड़ी में मिला यह सहयोग न सिर्फ आर्थिक मदद है, बल्कि एक गहरा भावनात्मक संबल भी है।

### कृषि अधिकारियों से चर्चा की

# बलराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

भारतीय किसान संघ तहसील इकाई रहटगांव द्वारा बलराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम मंडी प्रांगण रहटगांव में भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें तहसील क्षेत्र की सभी ग्राम इकाइयों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दीपक पटेल के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रकांत गौर प्रदेश महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष महेश शर्मा संभागीय कोषाध्यक्ष राजेश पटेल, हरिओम गौर जिला से आनंद पटेल पवन गौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भगवान बलराम का पूजन एवं आदर्श भजन मंडल (केमैया मोहल्ला) रहटगांव द्वारा सुंदर आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रकांत द्वारा संगठन एवं बलराम के जन्म पर विषय रखा गया। कृषि विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष महेश शर्मा जिला स्तर पर भगवान बलराम का जन्मोत्सव 15 सितंबर को मनाने को लेकर सूचना दी।

### रैली निकाली

कार्यक्रम के अगले चरण में नगर में भव्य शोभायात्रा एवं रैली निकाली। भगवान बलराम की झांकी के साथ बड़ी संख्या में लोग अनुशासन में रैली के साथ चले। नगरवासियों ने एवं विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह किसान रैली का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव द्वारा तहसील कार्यालय में जाकर प्रधान मंत्री मुख्यमंत्री एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर जिलाधीश के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया।

### सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभागांतर्गत संचालित पेंशन योजना

# कलेक्टर के निर्देश सभी पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन अब घर-घर जाकर किया जाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभागांतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के सभी हितग्राहियों के ई-केवायसी कराया जाना है। शेष रहे हितग्राहियों को ई-केवायसी 31 अगस्त तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्धारित तिथि तक ई-केवायसी नही कराने के कारण शासन द्वारा पेंशन होल्ड करने संबंधित निर्देश प्रसारित किये गये थे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन घर-घर जाकर कराया जावे, भौतिक सत्यापन के दौरान मृत, अपात्र अथवा पलायन कर गये व्यक्तियों को होल्ड की सूची मे मृत, अपात्र अथवा पलायन घोषित कर पेंशन बंद करने की कार्यवाही की जावे किंतु ऐसे पात्र पेंशन हितग्राही जो चलने-फिरने में असमर्थ है व उनकी वृद्धावस्था या दिव्यांगता के कारण उनका समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी नही हो रहा है। ऐसे प्रकरण में ग्राम पंचायत सचिव अथवा वार्ड प्रभारी पंचनामा बनाकर दें कि पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी करने हेतु सभी प्रयास कर लिये गये है।

### हंडिया तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया, व्यवस्था देखी



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को जिले के हंडिया तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालय, नायब नाजिर शाखा, कानूनगो शाखा एवं रिकार्ड रूम की कार्य व्यवस्था देखी। साथ ही निर्देश दिए कि नामांतरण, बंटवारा के आदेश खसरे में अमल होने के बाद ही प्रकरण को नस्तीबद्ध किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था भी देखी एवं कार्यालय में आने वाले आगंतुकों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कार्यालयीन नस्तियां एवं अन्य पत्राचार ई-आफिस व्यवस्था से ही संचालित करने के निर्देश दिए गए। कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप पर लगाने एवं इसी आधार पर वेतन भुगतान करने के भी निर्देश कलेक्टर ने इस दौरान दिए। उन्होंने कहा कि पुराने निराकृत प्रकरण जिला अभिलेखागार में जमा कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अशोक डहेरिया, तहसीलदार वीरेन्द्र उईके एवं नायब तहसीलदार आशीष मिश्रा मौजूद थे।

### कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं, भारतीय जनता पार्टी से के एल कुशवाहा, कांग्रेस से संजय जैन सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

# जीवन को समाप्त करने का विचार करना मानसिक समस्या: इवने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मानव जीवन अनमोल है, जीवन में क्षणिक दुख, चिंता और तनाव में आकर कुछ लोग अपना जीवन को समाप्त करने का विचार कर लेते हैं, ऐसा विचार करना कायरता या कमजोरी नही है बल्कि एक प्रकार की मानसिक समस्या है, जिसका इलाज किया जा सकता है। यह बात जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण कुमार इवने ने स्थानीय होटल में आयोजित कार्यशाला में कही।

कार्यशाला में जिले की ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए जिला चिकित्सालय हरदा के कक्ष क्रमांक 9 में मनकक्ष बनाया गया है, जहॉ से परामर्श लिया जा सकता है। उन्होने बताया कि यह गंभीर विषय है। वर्तमान समय में किशोर अवस्था में आत्महत्या




करने के मामले भी सामने आ रहे है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 10 सितंबर को आमजन में जागरूकता लाने के लिए विश्व आत्महत्या दिवस मनाया जाता है।

इस दौरान जिला चिकित्सालय परिसर में नर्सिंग महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ जागरूकता गतिविधि भी आयोजित की गई। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने इस गंभीर विषय पर खुलकर बात करने पर जोर दिया। उन्होने बताया कि किशोर और युवा अवस्था में पढ़ाई का दबाव, कैरियर की चिंता, परिवार में झगड़े, प्यार में असफलता, अकेलापन और उदासी, नशे की लत, भविष्य की चिंता में कई बार गलत दिशा में व्यक्ति कदम उठा लेता है। सकारात्मक बातचीत से ऐसे व्यक्तियों के अमूल्य प्राण को बचाया जा सकता है। कार्यशाला में जिला चिकित्सालय मनकक्ष में कार्यरत अंकित सिंह ने टेलीमानस हेल्पलाइन 14416 की जानकारी दी। आरकेएसके काउंसलर पारूल काशिव, निखिल चंद्रवंशी, अजय मंडलेकर ने नर्सिंग छात्र छात्राओं और आमजन को मनहित एप्लिकेशन के बारे में जानकारी दी तथा उपस्थितजनों को डाउनलोड कराया।

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर गतिविधि आयोजित की। मुख्य वक्ता डॉ राकेश सिंह परस्ते ने ऐसे विद्यार्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उन्हें योग और ध्यान करने के साथ अपने मित्रों परिजनों से संवाद, आपसी बातचीत करने की सलाह दी ताकि तनाव का प्रबंधन हो सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशा गायकवाड़ एवं राजेश कुमार गौर ने तनाव वाले बच्चों की पहचान चिन्ह बताए। महाविद्यालय कार्यक्रम में आरकेएसके काउंसलर पारूल काशिव ने जागरूकता शपथ दिलाई। इस दौरान व्ही.के.बिछोतिया, रामदयाल मकवाना, राजेश दीक्षित, डॉ सीता बौरासी, अजय मंडलेकर उपस्थित रहे ।

### मिलावट के संबंध में जनसमुदाय को जागरूक किया

# चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने हंडिया में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए



**हरदा।** नर्मदापुरम से आई संभागीय चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने बुधवार को हंडिया मे खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में जनसमुदाय को जागरूक किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान प्रयोगशाला ने बाबा हिंडोल राज भंडार से कलाकंद मिठाई व मावा, जय भोले चाट भंडार से बेसन लड्डू, माही बेकरी से समोसा व दूध, जय भोले खतरी मिष्ठान भंडार से कलाकंद मिठाई, दीपिका किराना से हल्दी पाउडर व मिर्च पाउडर, गोकुल प्रसाद किराना से मूंगफली, मूंगदाल, तुअर दाल व मसूर दाल, अग्रवाल किराना से सौंफ, काली मिर्च व ईलायची, मां नर्मदा गुर्जर किराना से धनिया, चना दाल व मेथी के सेम्पल तथा दीपिका किराना से नमक व गोकुल प्रसाद नारायण प्रसाद किराना से धनिया पाउडर के लीगल सेंपल लिए गए तथा उनकी जांच की गई। श्री कांबले ने बताया कि यह चलित प्रयोगशाला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाई जाती है, जो कि खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जन समुदाय को जागरूक करती है तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट को जांच करती है। पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर उनको सुधार के लिये नोटिस जारी करती है। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर, वाहन चालक ब्रजेश पटेल, उपस्थित रहे।